**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या- *291**
**सोमवार, 16 दिसंबर, 2024/25 अग्रहायण, 1946 (शक)**

**रोजगार कार्यालय**

***291. श्री जी. सेल्वम:**
**श्री सी. एन. अन्नादुरई:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में व्यक्तियों की नियोज्यता बढ़ाने के लिए रोजगार कार्यालयों के माध्यम से कौशल विकास या कौशलवर्धन से संबंधित कार्यक्रम चलाती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) नौकरी के इच्छुक व्यक्तियों का मार्गदर्शन करने के लिए रोजगार कार्यालयों में उपलब्ध करियर परामर्श सेवाओं का ब्यौरा क्या है और पिछले तीन वर्षों के दौरान रोजगार कार्यालयों के माध्यम से कौशल विकास और परामर्श से संबंधित कितने कार्यक्रम आयोजित किए गए;

(ग) पिछले तीन वर्षों में रोजगार कार्यालयों के माध्यम से राज्यवार और वर्ष-वार कितनी नौकरियां उपलब्ध कराई गईं;

(घ) शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार कार्यालयों के प्रदर्शन की तुलना का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या रोजगार कार्यालयों की प्रभावकारिता की निगरानी के लिए कोई तंत्र विद्यमान है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) रोजगार कार्यालय सेवाओं तक सुलभता में क्षेत्रीय असमानता को दूर करने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का ब्यौरा क्या है; और

(छ) यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं कि महिलाओं और दिव्यांग व्यक्तियों सहित हाशिए पर रहने वाले समूहों को रोजगार कार्यालय सेवाओं का लाभ मिले?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार मंत्री**
**(डॉ मनसुख मंडाविया)**

**(क) से (छ):** एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

***

**“रोजगार कार्यालय” के संबंध में श्री जी. सेल्वम एवं श्री सी. एन. अन्नादुरई द्वारा दिनांक 16.12.2024 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *291 के उत्तर में संदर्भित विवरण**

(क) से (छ): श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल चला रहा है, जो निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि सहित करियर से संबंधित सेवाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप समाधान है। एनसीएस योजना का एक उद्देश्य रोजगार कार्यालयों को मॉडल करियर केंद्रों (एमसीसी) में रूपांतरित करना है।

नौकरी चाहने वालों की रोजगार क्षमता, डिजिटल और करियर कौशल को बढ़ाने और युवाओं को आवश्यक रोजगार योग्य कौशल की एक श्रृंखला से सशक्त और सुसज्जित करने के लिए, एनसीएस पोर्टल अन्य बातों के साथ-साथ ऑनलाइन रोजगार क्षमता वृद्धि कार्यक्रम, डिजिटल कौशल वृद्धि कार्यक्रम और स्व-गतिशील (सेल्फ-पेस) करियर कौशल कार्यक्रम प्रदान करता है।

इसके अलावा, एनसीएस पोर्टल पर एक मॉड्यूल है जो अनुमोदित करियर परामर्शदाताओं द्वारा करियर परामर्श और मार्गदर्शन सेवाएं प्रदान करने की सुविधा प्रदान करता है। 15.11.2024 तक लगभग 1150 करियर परामर्शदाताओं को एनसीएस पोर्टल पर शामिल किया गया है। बैंकिंग, वित्त और बीमा, टेलीकॉम, आईटी-आईटीईएस, खाद्य उद्योग, स्वास्थ्य आदि जैसे 52 क्षेत्रों में 3600 से अधिक प्रकार की नौकरियों की जानकारी भी पोर्टल पर www.ncs.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है।

एनसीएस पोर्टल स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) के साथ एकीकृत है जिसे विशेष रूप से नौकरियों और उद्यमशीलता के अवसरों के लिए एक ऑनलाइन प्रशिक्षण मंच के माध्यम से व्यक्तियों की स्किलिंग, रि-स्किलिंग और अप-स्किलिंग के लिए डिज़ाइन और विकसित किया गया है। एनसीएस पोर्टल को एसआईडीएच के साथ एकीकृत करने से एसआईडीएच पर कुशल नौकरी चाहने वालों (रोजगार/बेरोजगार) के लिए एनसीएस पोर्टल का लाभ उठाने और नौकरी चाहने वालों (रोजगार/बेरोजगार) के लिए एसआईडीएच द्वारा दी जाने वाली कौशल सेवाओं का लाभ उठाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

राज्यों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के आधार पर रोजगार कार्यालयों से संबंधित विभिन्न मापदंडों (नियोक्ता, नौकरी चाहने वाले, रिक्तियां, प्लेसमेंट आदि) पर राज्यवार डेटा रोजगार कार्यालय सांख्यिकी में (https://dge.gov.in/dge/dge-publications-reports-) पर उपलब्ध है।

मंत्रालय ने विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में दिव्यांगजनों और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के नौकरी चाहने वालों को रोजगार/करियर संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए क्रमशः 24 दिव्यांगजनों के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा केंद्र और 25 अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा केंद्र समर्पित किए हैं। दिव्यांगजनों के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा केंद्र व्यावसायिक मार्गदर्शन, करियर परामर्श, अनौपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, रेफरल सेवाएं प्रदान करते हैं और आउटरीच गतिविधियाँ भी संचालित करते हैं, तथा नौकरी चाहने वालों दिव्यांगजनों को व्यावसायिक पुनर्वास की प्रक्रिया में सहायता करते हैं। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा केंद्र (एनसीएससी) शिक्षित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के नौकरी चाहने वालों की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए परामर्श, कोचिंग और प्रशिक्षण जैसे विभिन्न उपाय करते हैं।

एनसीएस पोर्टल महिला उम्मीदवारों के कौशल और रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष रूप से महिलाओं पर केंद्रित विभिन्न अवसर और सुविधाएँ भी प्रदान करता है। नौकरी चाहने वाली महिलाओं के लिए विशिष्ट नौकरियों को आसानी से खोजने और आवेदन करने में मदद करने के लिए एनसीएस पोर्टल होम पेज पर "महिलाओं के लिए नौकरियां" प्रदर्शित की जाती हैं। एनसीएस विशेष रूप से महिलाओं के लिए नौकरी मेले और करियर संवर्धन कार्यक्रम आयोजित करता है।

मंत्रालय ने देश भर में 407 मॉडल करियर केंद्रों (एमसीसी) को मंजूरी दी थी। ये केंद्र स्थानीय युवाओं और अन्य नौकरी चाहने वालों को प्रौद्योगिकी के माध्यम से तथा करियर परामर्श और प्रशिक्षण के माध्यम से नौकरी के अवसरों से जोड़ते हैं। इस प्रकार ये मॉडल करियर केंद्र (एमसीसी) राज्यों और अन्य संस्थानों के सहयोग से आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं के लिए रोजगार मेलों के आयोजन, नियोक्ताओं को संगठित करने, स्थानीय स्तर पर करियर परामर्श प्रदान करने आदि के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करते हैं।

***